हरिभूमि
नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 25 अगस्त 2026
[नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी]

04 औसत आंकड़े के आधी बारिश दर्ज फिर भी जलाशय खाली



07 श्रावण के अंतिम सोमवार को शिवालयों में उमड़े...



खबर संक्षेप

वेयरहाउस से बदमाश चुरा ले गए मूंग की बोरी

नर्मदापुरम। शहर सहित आसपास के क्षेत्र में चोरों का आतंक बढ़ रहा है। इटारसी थाना अंतर्गत प्लैटिनम वेयरहाउस पीपलढाना से बदमाश पांच बोरी मूंग की चुरा कर ले गए। इसको लेकर मयंक तिवारी ने मामला दर्ज कराया। मूंग की कीमत लगभग 40 हजार रुपए बताई जा रही है। इसके साथ ही इधर केसला थाना अंतर्गत फरियादी नीलेश के घर से आरोपी भानु और उसके साथी द्वारा एक भैंस चुरा ले गए जिसको लेकर मामला दर्ज कराया गया। आरोपियों गिरफ्तार कर लिया गया है। इसके साथ ही सोहागपुर थाना अंतर्गत सेमरी हरचंद में शेर सिंह के घर से बोलेरो चुरा कर बदमाश रफू चक्कर हो गए। सभी मामलों में पुलिस जांच में जुटी हुई है।

काशी-गया यात्रा के लिए आवेदन शुरू

नर्मदापुरम। मध्यप्रदेश शासन की मुख्यमंत्री तीर्थ-दर्शन योजनांतर्गत जिले के वरिष्ठ नागरिकों के लिए काशी (वाराणसी)-गया तीर्थयात्रा का आयोजन किया जा रहा है। उप संचालक, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण ने बताया कि शासन से प्राप्त लक्ष्य अनुसार इस यात्रा का प्रस्थान 29 सितंबर 2026 को होगा।

सीएम हेल्पलाइन में खराब प्रदर्शन करने वाले विभागों पर कलेक्टर की सख्त कार्रवाई

बारिश से क्षतिग्रस्त सड़कों को तत्काल मोटरेबल बनाएं विभाग : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों का समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए। यह बात कलेक्टर ने समय सीमा की बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश देते हुए कही। सोमवार को कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में कलेक्टर ने अधिकारियों की समय-सीमा की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने कहा कि शिकायतों के निराकरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। संबंधित अधिकारी शिकायतों का नियमित रूप से परीक्षण कर लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण करें। इस दौरान कृषि विभाग, एमपीयूडीसी, जेल, पेंशन तथा मध्य प्रदेश वेयरहाउसिंग एवं लॉजिस्टिक डिपार्टमेंट को डी ग्रेड प्राप्त करने 2100 रुपए जुर्माने के रूप में रेड क्रॉस सोसाइटी में जमा करने के निर्देश दिए।

सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में कलेक्टर ने समय-सीमा की बैठक ली इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए।



बारिश से क्षतिग्रस्त सड़कों की जानकारी 10 दिन में दें

कलेक्टर ने बारिश के कारण क्षतिग्रस्त हुई सड़कों की स्थिति की भी समीक्षा की। उन्होंने पीडब्ल्यूडी, नगर पालिका सहित सभी संबंधित निर्माण विभागों को निर्देश दिए कि क्षतिग्रस्त सड़कों को तत्काल मोटरेबल बनाया जाए, ताकि आम नागरिकों को आवागमन में परेशानी न हो। कलेक्टर ने ईई पीडब्ल्यूडी को पचमढ़ी में निर्मित मार्गों की जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मार्गों की गुणवत्ता एवं निर्माण कार्यों की जांच कर अगले 10 दिनों में जांच रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए।

भारी बारिश की चेतावनी में सतर्क रहें अधिकारी

मौसम विभाग द्वारा जिले में भारी वर्षा की चेतावनी को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने अधिकारियों को सतर्क रहने तथा बारिश से उत्पन्न होने वाली संभावित समस्याओं से निपटने के लिए आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में अतिवृष्टि एवं वर्षा से होने वाली क्षति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को संवेदनशील क्षेत्रों पर विशेष नजर रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी तहसीलदारों को निर्देशित किया कि आरबीसी 6(4) के अंतर्गत राहत के कोई भी प्रकरण लंबित नहीं रहने चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्षा के कारण किसी भी प्रकार की जनहानि अथवा संपत्ति की क्षति होने पर पीड़ितों को नियमानुसार तत्काल राहत उपलब्ध कराई जाए।

अत्याधिक वर्षा होने पर स्कूलों में अवकाश रखें

कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि जिले में बारिश की स्थिति पर सतत निगरानी रखी जाए। अत्यधिक वर्षा अथवा प्रतिकूल परिस्थितियों को देखते हुए आवश्यकता पड़ने पर स्कूलों में अवकाश के निर्देश तत्काल जारी किए जाएं। पुल-पुलियों, छोटे नदी-नालों तथा रपटों पर लगातार निगरानी रखी जाए। जहां पानी का बहाव अधिक हो अथवा रपटों के ऊपर पानी आ गया हो, वहां तत्काल यातायात बंद कराया जाए। साथ ही किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना न हो, इसके लिए प्रशासनिक अमला सतर्क रहे।

कुछ सावधानियां आयकर नोटिस से बचा सकती: अंशुल अग्रवाल

टैक्स प्रैक्टिशनर्स एसोसिएशन ने आयोजित किया सेमिनार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

विक्रय अनुबंध एवं विक्रय विलेख (रजिस्ट्री) अचल संपत्ति के लेन-देन का सम्पूर्ण आधार होते हैं। रजिस्ट्री की प्रारूप तैयार करने में छोटी-सी चूक भी भविष्य में आयकर विभाग के नोटिस का कारण बन सकती है और करदाता के लिए परेशानी का सबब बन सकती है। यदि रजिस्ट्री के प्रारूप में आयकर प्रावधानों का प्रारंभ से ही ध्यान रखा जाए, तो भविष्य में आने वाली अनेक परेशानियों से बचा जा सकता है।

उक्त विचार जाने-माने चार्टर्ड अकाउंटेंट अंशुल अग्रवाल ने सीहोर टैक्स प्रैक्टिशनर्स एसोसिएशन (एसटीपीए) द्वारा आयोजित सेमिनार में व्यक्त किए। सेमिनार का विषय "अचल संपत्ति के लेन-देन का कर निर्धारण एवं लेखांकन" था। अंशुल अग्रवाल ने कहा कि अचल संपत्ति से जुड़े लेन-देन में स्टाम्प विक्रेता एवं सेवा प्रदाता की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। यदि वे आयकर नियमों की प्रारंभिक आवश्यकताओं का ध्यान रखते हुए दस्तावेज तैयार करवाएं, तो वे अपने ग्राहकों के हितों की बेहतर रक्षा कर सकते हैं। कार्यक्रम के प्रारंभ में एसटीपीए अध्यक्ष अभिषेक सुराणा ने अतिथियों एवं उपस्थित सदस्यों का शब्दों के माध्यम से स्वागत किया। सुमित झंवर ने मुख्य वक्ता अंशुल अग्रवाल का परिचय प्रस्तुत किया। आयोजन के प्रारंभ में मुख्य वक्ता अंशुल अग्रवाल के साथ वरिष्ठ अधिवक्ता निर्मल रांका एवं सुशील मंत्री का स्वागत महेंद्र ठाकुर, प्रवीण मोहता, अजय सक्सेना, शैलेन्द्र जैन एवं अंकुश जैन द्वारा किया गया। अतिथियों को स्मृति चिन्ह श्याम सुंदर मंत्री, अजाप पंवार, अरविंद जैन एवं आयुष जैन द्वारा भेंट किए गए। कार्यक्रम का संचालन अंकित जैन ने किया, जबकि कर सलाहकार मयंक तिवारी ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में योगेश मेहता, महेश वर्मा, श्रेयांश बनवट, चंद्र प्रकाश बर्मन, सुमित जैन, संकल्प अग्रवाल, विवेक प्रजापति, दिलीप जैन सहित बड़ी संख्या में लेखाकार, स्टाम्प विक्रेता, सेवा प्रदाता एवं कर विशेषज्ञ उपस्थित रहे। सीहोर में इस प्रकार का आयोजन पहली बार एसटीपीए द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें अचल संपत्ति के लेन-देन से जुड़े आयकर एवं लेखांकन प्रावधानों को लेकर स्टाम्प विक्रेताओं, सेवा प्रदाताओं, लेखाकारों एवं कर विशेषज्ञों को व्यावहारिक जानकारी प्रदान की गई।

रक्षाबंधन को लेकर जनशताब्दी एक्सप्रेस में लगा अतिरिक्त कोच

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



रक्षाबंधन पर्व के दौरान यात्रियों की बढ़ती भीड़ एवं अतिरिक्त यात्री मांग को ध्यान में रखते हुए गाड़ी संख्या 12061/12062 रानी कमलापति–मदनमहल–रानी कमलापति जनशताब्दी एक्सप्रेस में अतिरिक्त द्वितीय श्रेणी कोच लगाने का निर्णय लिया गया है।

यात्रियों को अधिक सीटें उपलब्ध कराने के उद्देश्य से दोनों दिशाओं में 1-1 अतिरिक्त द्वितीय श्रेणी कोच अतिरिक्त रूप से जोड़ा जाएगा। रानी कमलापति से 25 से 28 अगस्त तक प्रतिदिन 1 अतिरिक्त द्वितीय श्रेणी कोच लगाया जाएगा।

गाड़ी संख्या 12062 मदनमहल–रानी कमलापति जनशताब्दी एक्सप्रेस में मदनमहल से 26 से 29 अगस्त तक प्रतिदिन 1 अतिरिक्त द्वितीय श्रेणी कोच लगाया जाएगा।रक्षाबंधन पर्व के दौरान यात्रियों की सुविधा एवं अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए रेलवे द्वारा यह व्यवस्था की गई है।

विधायक डॉ सीतासरन शर्मा की फटकार से हरकत में आया विभाग, मूक बाधिर बालक को मिला दिव्यांगता प्रमाण-पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



जिला चिकित्सालय की लचर कार्यप्रणाली के कारण पिछले दो वर्षों से दिव्यांग प्रमाण-पत्र के लिए भटक रहे 6 वर्षीय मूक-बधिर बालक कार्तिक अहिरवार को आखिरकार न्याय मिल गया। मीडिया द्वारा मामले का प्रमुखता से उठाए जाने, क्षेत्रीय विधायक डॉ. सीताशरण शर्मा की फटकार और कलेक्टर सोमेश मिश्रा के सख्त निर्देशों के बाद स्वास्थ्य विभाग हरकत में आया और मात्र 4 दिनों के भीतर बच्चे का प्रमाण-पत्र जारी किया।

क्या था मामला

इटारसी तहसील के ग्राम बेलावाड़ा निवासी रामकृष्ण अहिरवार एक गरीब और आर्थिक रूप से कमजोर परिवार से आत हैं। मेहनत-मजदूरी कर वे अपने 6 वर्षीय मूक-बधिर बेटे कार्तिक का अकेले ही पालन-पोषण कर रहे हैं, क्योंकि बच्चे की माँ का पहले ही देहांत हो चुका है। शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से वे बीते दो सालों से जिला चिकित्सालय और पुनर्वास (समर्पण) केंद्र के लगातार चक्कर काट रहे थे। अस्पताल कर्मचारियों और डॉक्टरों द्वारा उन्हें केवल एक टेबल से दूसरी टेबल पर दौड़ाया जा रहा था। यहाँ तक कि विधायक का अनुशंसा पत्र दिखाने के बावजूद डॉक्टरों ने प्रमाण-पत्र बनाने से मना कर दिया और जांच के नाम पर भोपाल जाने की बात कहकर पल्ला झाड़ लिया था।

अखबारों में इस लापरवाही की खबर प्रमुखता से प्रकाशित होने के बाद विधायक डॉ. सीताशरण शर्मा ने कड़ा रुख अपनाया और प्रशासन को फटकार लगाई। इसके बाद कलेक्टर के आदेश पर सोमवार 24 अगस्त को अस्पताल प्रबंधन ने स्वयं पिता को फोन कर बुलाया और बालक का दिव्यांग प्रमाण-पत्र सौंपा। बालक के पिता रामकृष्ण अहिरवार ने मीडिया, विधायक डॉ. सीताशरण शर्मा और कलेक्टर सोमेश मिश्रा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मीडिया के सहयोग और जनप्रतिनिधियों के हस्तक्षेप से ही आज एक गरीब बेबस पिता और उसके दिव्यांग बच्चे की सुनवाई हो सकी है।

दादा कुटी में लगाया औषधीय लक्ष्मी तरू का पौधा



नर्मदापुरम। श्रावण शुक्ल द्वादशी तिथि को दादा कुटी में धूना और दादागुरु की चरण पादुका पूजन के बाद टी.पी. मिश्रा दादा कुटी के मार्गदर्शन में दूर संचार विभाग से सेवानिवृत अशोक कुमार पाठक द्वारा बैतूल से लक्ष्मी तरू के पौधे बुलवाकर एक पौधे को विधि वत पूजन कर दादा कुटी में रोपित किया गया। इस दौरान टी पी मिश्रा ने बताया कि संत दादा गुरु विगत पांच वर्षों से भी अधिक समय से मां नर्मदा और प्रकृति संरक्षण के लिए निरंतर उपवास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि लक्ष्मी तरू की पत्तियों को रात भर पानी में भिगोकर उबालकर काढ़ा छानकर सुबह सुबह खाली पेट सेवन करने से कैंसर जैसी बीमारी ठीक हो जाती है। लक्ष्मी तरू को अनुविभाग स्तर पर लगाए जाने का निर्णय लिया गया है ताकि लोग कैंसर जैसी बीमारी से बच सकें।इस अवसर पर त्रिवेणी त्रिपाठी , पुष्पा पाठक, सुनील गुजरवाल ,कृष्ण देव नारायण त्रिपाठी उपस्थित रहे।

पालनपुर शक्ति केंद्र की संगठनात्मक मासिक बैठक संपन्न, विभिन्न विषयों पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



भारतीय जनता पार्टी नर्मदापुरम ग्रामीण मंडल के शक्ति केंद्रों की बैठक की जा रही है। सोमवार को शक्ति केन्द्र रंढाल, पालनपुर की बैठक संपन्न हुई।

शक्ति क्रमांक 9 पालनपुर की संगठनात्मक मासिक बैठक ग्राम पालनपुर में संपन्न हुई। बैठक में संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत बनाने सहित विभिन्न संगठनात्मक विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष प्रीति शुक्ला एवं जिला उपाध्यक्ष तथा मंडल प्रभारी राजेश गौर प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाने के लिए बूथ स्तर पर निरंतर संपर्क एवं संवाद बनाए रखने का आह्वान किया। मंडल अध्यक्ष गोकुल पटेल ने बताया कि बैठक में मंडल महामंत्री हिमाचल सिंह, चंदन साहू, विनोद वर्मा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य परसराम पटेल, कमल चौधरी, भवानीशंकर वर्मा, मनमोहन राजपूत, हरिओम दुबे, उमाशंकर वर्मा, कमल सिंह वर्मा, चंपा वर्मा प्रज्जवल राजपूत, अखिलेश राजपूत, नितिन चौरे सहित शक्ति केंद्र के अंतर्गत आने वाले बूथ क्रमांक 5 बड़ोदिया, 6 पालनपुर, 7 पालनपुर, 8 नौहर तथा 9 पलाशडोह के बूथ अध्यक्ष, शक्ति केंद्र प्रभारी एवं मंडल पदाधिकारी उपस्थित रहे। पदाधिकारियों ने आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों एवं गतिविधियों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

अंतिम सोमवार मंदिरों में गूंजे 'हर-हर महादेव' के जयकारे



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

सावन के अंतिम सोमवार के पावन अवसर पर मालाखेड़ी स्थित द्वादश ज्योतिर्लिंग मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। भक्तों ने भगवान शिव का जल, दूध, दही, शहद एवं गंगाजल से अभिषेक किया। मंदिर प्रांगण में विधिवत मंत्रोच्चार के साथ रुद्राभिषेक संपन्न हुआ। चारों ओर 'हर हर महादेव' के जयघोष गूंजते रहे और वातावरण भक्ति भाव से सराबोर हो गया। पंडितों द्वारा विशेष पूजन, रुद्राष्टक और शिव चालीसा का पाठ किया गया।

सीएमओ के सरकारी आवास के सामने बना अवैध पार्किंग का स्थान, जाम से लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नगर पालिका और यातायात प्रशासन की लचर कार्यशैली का इससे बड़ा उदाहरण क्या होगा कि खुद मुख्य नगर पालिका अधिकारी के सरकारी आवास के ठीक सामने मुख्य सड़क को अवैध 'निजी पार्किंग' बना दिया गया है। फल-फूल मार्केट की इस व्यस्त सड़क पर रोजाना बेखौफ तरीके से बीच रास्ते पर फोर-व्हीलर खड़ी की जा रही है।

जिम्मेदारों की इस अनदेखी का खामियाजा प्रतिदिन तीन प्रमुख स्कूलों के मासूम बच्चों, नेहरू पार्क जाने वाले बुजुर्गों और हजारों राहगीरों को भुगतना पड़ रहा है। धार्मिक आयोजनों में भी बिगड़े



हालात, कावड़ यात्रा के दौरान लगा था भीषण जामहाल ही में निकली कावड़ यात्रा के दौरान भी इस मनमानी पार्किंग के चलते पूरा मार्ग घंटों तक चक्काजाम की गिरफ्त में रहा।

श्रद्धालुओं और आम जनता को भारी अव्यवस्था झेलनी पड़ी। स्थानीय लोगों का कहना है कि इसी लाइन का एक दुकानदार अपनी दुकान के ठीक सामने सड़क पर चार पहिया वाहन खड़ा कर देता है, जिससे व्यस्त सड़क एक संकरी गली में तब्दील हो जाती है।

रोजाना हजारों जिंदगियों की सुरक्षा से खिलवाड़ विद्यार्थियों पर मंडराता खतरा इसी संवेदनशील मार्ग पर शहर के प्रतिष्ठित एसएनजी स्कूल, शासकीय गर्ल्स स्कूल और पंडित रामलाल शर्मा स्कूल स्थित हैं। छुट्टी और प्रवेश के समय सड़क पर वाहन अड़े रहने से बच्चों को तेज रफ्तार वाहनों के बीच से जान जोखिम में डालकर निकलना पड़ता है। जिससे आम नागरिक परेशान है। वहीं लोगों ने नगर प्रशासन से उचित व्यवस्था बनाने की मांग की है।

नगरपालिका ने गंदगी करने पर लगाया 2 हजार का जुर्माना



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम


नगर में हो रहे विभिन्न आयोजनों को लेकर नगरपालिका की स्वच्छता टीम सक्रियता से कार्य रही है। प्रतिदिन की साफ सफाई व्यवस्था के साथ ही विशेष स्वच्छता अभियान चलाया है। कुछ लोग समझाइश देने के बावजूद भी गंदगी फैलाने से बाज नहीं आ रहे हैं। ओम शक्ति टीवीएस शोरूम के द्वारा गंदगी करने पर 2000 रुपए जुर्माना किया गया। स्वच्छ भारत अभियान नोडल अनुराग तिवारी ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी वैभव देशमुख के निर्देशन में नगर में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही उनको समझाइश भी दी जा रही है। सोमवार को नगर में गंदगी करने पर ओम शक्ति टीवीएस शोरूम पर 2000 रुपए जुर्माना की कार्यवाही की गई। कार्रवाई के दौरान सीएमओ वैभव देशमुख द्वारा भी समझाइश दी गई।

23 डिग्री पहुंच न्यूनतम और 30 डिग्री अधिकतम तापमान

शहर में सावन सोमवार पर झमाझम बरसे मेघ, इंद्र ने किया भोले का जलाभिषेक, लगी सावन की झड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शहर में सावन की झड़ी लग गई। आखरी सावन सोमवार पर लग रहा है कि इंद्र भगवान भोलेनाथ का जल अभिषेक कर रहे हैं। शहर में रविवार रात से ही झमाझम का दौर शुरू हो गया। सोमवार दोपहर बाद भी लगातार बारिश हो रही है। शहर में काली घटा छाई है, ठंडी हवा चली और कभी फुहार कभी रिमझिम तो कभी झमाझम बारिश का दौर चलता रहा और वातावरण सुहाना हो गया। रविवार रात को भी लगातार बारिश से पूरा क्षेत्र जलमग्न हो गया। वहीं दिनभर बादलों का डेरा शहर के ऊपर बना रहा। इसके साथ ही ऊपरी क्षेत्र में बारिश होने से नर्मदा का जलस्तर भी बढ़ गया। सुबह 950. 40 से ज्यादा दर्ज किया गया था। सेठानी घाट की सीढ़ियां भी डूब गई। इसके साथ ही तापमान में काफी गिरावट आई। शहर में लगभग 4 इंच से ज्यादा बारिश हुई। गौरतलब है कि बरगी डैम खुलने से भी नर्मदा



का पानी बढ़ गया है और निचले क्षेत्रों में अलर्ट जारी किया है। वहीं प्रशासन भी अलर्ट मोड पर है और टीम लगी हुई है। मौसम विभाग का कहना है कि अभी इसी प्रकार की और बारिश होने की संभावना है।

शहर हुआ तर बतर

शहर में लगातार बारिश होने से निचले क्षेत्र में जल भराव की स्थिति बन गई। बारिश होने से रपटे और नदियां उबू पर है वहीं लोगों को भी प्रशासन में अलर्ट किया है। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी प्रशासन एक्शन मोड पर है।nरुक-रुक कर बारिश से मौसम में ठंडक घुल गई है। मौसम विभाग का कहना है कि आगे भी इस प्रकार की बारिश होते रहेगी। अब तक लगभग 23 इंच बारिश हो चुकी है जो कि पिछले साल से कम है। शहर सहित आसपास के क्षेत्र में भी जमकर बारिश का दौर चल रहा है। बारिश होने से फसलों को भी काफी फायदा पहुंचा है। जिले में 1 जून 2026 से आज दिनांक को प्रात:8 बजे तक जिले में 621.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज हुई है। गत वर्ष इसी अवधि में 1071.7 मिलीमीटर औसत वर्षा हुई थी। वहीं 24 घंटों में तक तहसील नर्मदापुरम में 92.8 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई।

रामपुर के खेल शिक्षक थापा का एमपी पीएससी में चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

कड़ी मेहनत, दृढ़ संकल्प और खेल के प्रति अटूट समर्पण का परिणाम हमेशा सुखद होता है, यह साबित किया है रामपुर के पीएम शहीद इंदरगिरी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के खेल शिक्षक हरीश सिंह थापा ने। थापा ने मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित स्पोर्ट्स ऑफिसर परीक्षा-2024 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 25वीं रैंक हासिल की है, जिससे पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है।



उनकी इस शानदार उपलब्धि पर विद्यालय परिवार के साथ-साथ नर्मदापुरम जिले के खेल जगत में भी खुशी की लहर है। जिला शिक्षा अधिकारी एलएन प्रजापति ने थापा को उनकी सफलता पर बधाई देते हुए इसे विद्यालय और पूरे जिले के लिए एक गौरवपूर्ण उपलब्धि करार दिया।

वॉलीबॉल संघ ने दी शुभकामनाएं

जिला वॉलीबॉल संघ ने भी थापा की इस सफलता पर गहरी प्रसन्नता व्यक्त की है। संघ के जिलाध्यक्ष भगवती प्रसाद चौरे, जिला उपाध्यक्ष बशारत खान, जिला सचिव आशुतोष शरण तिवारी सहित हफीज खान, प्रफुल्ल पटेल, योगेश और हेमंत पटेल ने उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए अपनी बधाइयां प्रेषित कीं।

विद्यालय के प्राचार्य डॉ. गणेश पटेल और समस्त स्टाफ ने भी थापा का अभिनंदन किया।

खबर संक्षेप

उर्स और सामूहिक विवाह के चलते ट्रैफिक डायवर्ट

बैतूल। बैतूल के ग्राम उमरी दरगाह में आज 25 अगस्त को उर्स और दोपहर बाद सामूहिक विवाह समारोह होगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। इसे देखते हुए यातायात पुलिस ने विशेष व्यवस्था लागू की है। बैतूल शहर से करीब 9 से 10 संदल उमरी दरगाह के लिए रवाना होंगे। शहर में इनके भ्रमण और जुलूस के दौरान कुछ मार्गों पर कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित हो सकता है। यातायात पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे सडक़ या मुख्य मार्ग पर वाहन खड़े न करें। वाहन निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही खड़े करें, ताकि संदल के साथ एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड और अन्य जरूरी वाहनों के लिए रास्ता खुला रहे। कार्यक्रम के दौरान हमलापुर जोड़ से बरसाली होते हुए आमला की ओर जाने वाले मध्यम और भारी वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित रहेगी। आमला से बैतूल आने वाले ऐसे वाहनों को भी बरसाली से पंखा होते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग के वैकल्पिक मार्ग से जाना होगा। पुलिस ने वाहन चालकों से बैरिकेडिंग, डायवर्शन और यातायात संकेतों का पालन करने की अपील की है। साथ ही अपील की है कि अपने वाहन निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही पार्क करें। मुख्य सडक़ एवं आवागमन वाले मार्ग पर वाहन खड़ा न करें। संदल के मार्ग में वाहन खड़ा कर यातायात बाधित न करें। मध्यम एवं भारी वाहन निर्धारित वैकल्पिक मार्ग का उपयोग करें। अनावश्यक रूप से सडक़ पर रुकने अथवा भीड़ लगाने से बचें। आपातकालीन सेवाओं के वाहनों के लिए मार्ग हमेशा खुला रखें। यातायात व्यवस्था बनाए रखने में थाना यातायात पुलिस का सहयोग करें।

धर्म परिवर्तन के लिए प्रलोभन देने के आरोप में 2 आरोपी गिरफ्तार

भैंसदेही। ग्राम घुघरी में धर्म परिवर्तन के लिए कथित रूप से प्रलोभन देने के मामले में पुलिस ने 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। 23 अगस्त को थाना भैंसदेही पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम घुघरी में कुछ व्यक्तियों द्वारा ईसाई धर्म का प्रचार-प्रसार करते हुए लोगों को धर्म परिवर्तन के लिए प्रलोभन दिया जा रहा है। सूचना पर थाना प्रभारी भैंसदेही निरीक्षक राजेश सातनकर के नेतृत्व में पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और वैधानिक कार्रवाई की गई। फरियादी गोकुल पिता शंकरराव पंद्राम (50) निवासी ग्राम सावलमेंढा द्वारा प्रस्तुत लिखित आवेदन में उल्लेखित तथ्यों के आधार पर प्रथम दृष्टया मध्यप्रदेश धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम, 2021 की धारा 3 एवं 5 के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस ने गुलाबराव इरपाचे, निवासी ग्राम घुघरी और महादेव पिता कोचा पंद्राम, निवासी ग्राम गदराझिरी को गिरफ्तार किया। वहीं गुणवंत पिता परसराम मालेवार, निवासी ग्राम गदराझिरी फरार है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। एसपी वीरेन्द्र जैन ने कहा कि किसी भी व्यक्ति को प्रलोभन, दबाव, भय या लालच देकर धर्म परिवर्तन के लिए प्रेरित करना कानूनन अपराध है। इस कार्रवाही में थाना प्रभारी भैंसदेही निरीक्षक राजेश सातनकर, उनि. रामप्रकाश कीर, सउनि. बलीराम बम्हनेले, श्रीकांत वर्मा, प्रआर. छोटेलाल, प्रआर. पंजाबराव, आर. नारायण जाट, आर. सोनू शर्मा, आर. मोहित मालवीय, आर. तनवीर खान, आर. नरेन्द्र, मआर. दीपिका, मआर. लक्ष्मी एवं सैनिक अमर चौहान की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

सारणी में आज होगा एक कुर्सी पुरुष के नाम अभियान का आयोजन

बैतूल। एसआईएफ बैतूल द्वारा एक कुर्सी मर्द के नाम अभियान का दूसरा आयोजन आज 25 अगस्त को सारणी में किया जाएगा। इससे पहले अभियान का आयोजन आमला में किया जा चुका है। कार्यक्रम का उद्देश्य पुरुषों की सुरक्षा, अधिकार, न्याय एवं मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े विषयों पर जागरूकता बढ़ाने के साथ सकारात्मक संवाद को बढ़ावा देना है। आयोजकों के अनुसार, पारिवारिक विवाद, झूठे केस, मानसिक तनाव या अन्य गंभीर समस्याओं से परेशान पुरुषों और उनके परिवारों तक सहायता एवं उचित मार्गदर्शन पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा।

बैतूल डिवीजन के सिर्फ 5 लघु जलाशय शत-प्रतिशत भरे, शेष अब भी खाली

औसत आंकड़े के आधी बारिश दर्ज फिर भी जलाशय खाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

जिले में रिमझिम और मध्यम बारिश का दौर जारी है। इस बारिश से जिले में बारिश का आंकड़ा तो बढ़ा है, लेकिन जिले के जलाशयों में पानी की स्थिति कमजोर है। बारिश की रफ्तार धीमी और लगातार रिमझिम बारिश से कुछेक डैम को छोड़ दे, तो अभी भी जिले के अधिकांश डैम का जलस्तर नहीं बढ़ पाया है। जिसका सीधा असर आगामी दिनों में रबी फसल की सिंचाई पर पड़ेगा। जिले में देवपुर, कुंड, डोडाजाम, भैंसदेही अनुभाग का खामला और पाठाखेड़ा जलाशय ही 100 प्रतिशत भर सका हैं, जबकि जिले के मध्यम जलाशयों में से एक भी पूरी तरह नहीं भर पाया है। इससे साफ है कि बारिश का असर जलाशयों में समान रूप से नहीं पहुंच रहा है। लगातार हल्की बारिश होने से जमीन की नमी तो बढ़ रही है, लेकिन बड़े पैमाने पर पानी जलाशयों तक नहीं पहुंच पा रहा है। जलाशयों में पर्याप्त पानी आने के लिए तेज और लगातार बारिश की जरूरत है। बता दे कि जलाशयों को भरने के लिए अब तेज बारिश की दरकार है, ताकि जिले के जलाशय भर पाये। लेकिन जिले में रिमझिम बारिश ही दर्ज की जा रही है। इससे जमीनी जलस्तर को फायदा है, लेकिन जिले के जलाशयों में पर्याप्त पानी नहीं पहुंच पा रहा है। जिसकी वजह से जलाशय अभी भी अपेक्षाकृत नहीं भर पाये है।



जिले में लघु और मध्यम मिलाकर 196 जलाशय

जिले में 196 जलाशय हैं। इनमें लघु और मध्यम जलाशय शामिल है। उपलब्ध रिपोर्टों के अनुसार अधिकांश जलाशय अभी कम जलभराव की स्थिति में हैं। बैतूल संभाग के 105 जलाशयों में केवल पांच जलाशय 100 प्रतिशत भरे हैं। एक जलाशयों में 76 से 99 प्रतिशत, तीन में 51 से 75 प्रतिशत और 30 जलाशयों में 26 से 50 प्रतिशत पानी है। सबसे ज्यादा 66 जलाशयों में 0 से 25 प्रतिशत ही पानी उपलब्ध है। इसके अलावा मुलताई संभाग में कुल 91 जलाशय हैं, जिनमें 86 लघु और पांच मध्यम जलाशय हैं। हालांकि जिले के डैमों में सबसे अच्छी स्थिति सतपुड़ा जलाशय की है, यहां डैम का वॉटर लेवल क्षमता के अनुरूप मेंटेन किया जा रहा है। पानी का लेवल बढऩे पर गेट खोलकर पानी की निकासी की जा रही है, लेकिन अन्य जलाशयों में अभी भी क्षमता से कम पानी आ पाया है।

बैतूल संभाग के 105 जलाशयों की कुल लाइव स्टोरेज क्षमता 186.526 एमसीएम

बैतूल संभाग के इन 105 जलाशयों की कुल लाइव स्टोरेज क्षमता 186.526 एमसीएम है, जबकि वर्तमान में 38.177 एमसीएम पानी उपलब्ध है। यानी कुल लाइव क्षमता का करीब 20 प्रतिशत पानी ही जमा है। पिछले वर्ष इसी अवधि में 158.506 एमसीएम पानी उपलब्ध था और जलाशय पूरी तरह भरे हुए थे। इस बार पिछले वर्ष की तुलना में करीब 120.329 एमसीएम पानी कम है। अब अगस्त और सितंबर में होने वाली बारिश जलाशयों के लिए निर्णायक रहेगी। यदि तेज बारिश के दौर आते हैं तो जलाशयों के जलस्तर में तेजी से सुधार हो सकता है। बारिश धीमी रही तो कम भराव वाले जलाशयों के कारण आगामी रबी सीजन में सिंचाई के पानी को लेकर चुनौती खड़ी हो सकती है।

इनका कहना है

तेज बारिश नहीं होने के कारण बैतूल संभाग के जलाशय अपेक्षाकृत नहीं भर पाये है। केवल पांच जलाशयों में ही 100 प्रतिशत पानी आया है। इसके अलावा घोघरी और सांपना जलाशय भी 30 से 35 प्रतिशत तक ही भरे है।

- रोशन कुमार सिंह, ईई, जल संसाधन विभाग, जिला बैतूल

अभी तक जिले में 557.2 मिमी बारिश दर्ज

जिले में मानसून को आए लगभग डेढ़ माह से अधिक का समय हो चुका है। इस दौरान जिले में करीब 557.2 मिमी बारिश हुई। अधीक्षक भू-अभिलेख से मिली जानकारी के अनुसार जिले में इस साल 23 अगस्त तक बैतूल ब्लाक में 457.2 मिमी बारिश दर्ज की गई है। इसी तरह घोड़ाडोंगरी ब्लाक में 700.9 मिमी, चिचोली 756.4 मिमी, शाहपुर 541.0 मिमी, मुलताई 560.0 मिमी, प्रभातपट्टन 521 मिमी, आमला 453.0 मिमी, भैंसदेही 533.0 मिमी, आठनेर 347.9 मिमी और भीमपुर में 704.2 मिमी बारिश दर्ज की गई है। जिले में अब तक 557.2 मिमी बारिश हुई है। जबकि जिले की औसत बारिश 1083.9 मिमी है। पिछले साल 1097.4 मिमी बारिश हुई थी।

नहीं भरे जलाशयों के पेट तो कैसे होगी सिंचित

हालांकि अभी बारिश के सीजन को समय बचा हुआ है। इतने समय में जिले में तेज बारिश नहीं हुई और जलाशयों का पेट नहीं भरा तो हजारों हेक्टेयर में लगने वाली आगामी रबी फसल की सिंचित के लिए मुश्किले खड़ी हो जायेगी, क्योंकि जिले के मध्यम और लघु डैमों के सहारे ही जिले के अधिकांश क्षेत्रों में रबी फसल की सिंचाई होती है। यदि डैम ही लबालब नहीं रहेगे तो पानी का संकट खड़ा हो जायेगा। हालांकि सभी उम्मीदें अभी बारिश से ही है। बीते दो दिनों से बैतूल जिले में बारिश नहीं हो रही है। मौसम तो बन रहा है, लेकिन बूंदाबांदी के बाद बारिश थम जाती है। जिससे किसान और आमजन चिंतित है।

घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य पहुंचाया

कुंडी टोल के पास पत्थरों के कारण बाइक समेत स्लीप हुआ युवक



हरिभूमि न्यूज ⏭ शाहपुर

कुंडी टोल के पास एक बाइक सवार स्लीप होकर गिर पड़ा। जिससे वह बेहोश हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार दीपू शोभाराम मवासे निवासी धपाड़ा मोटरसाइकिल से स्लिप हो गये। लोगों ने बताया कि कुंडी टोल प्लाजा पर जो ट्रक खड़े रहते हैं, ट्रक खड़े करते समय, ट्रक को लुढक़ने से बचाने के लिए पहियों में पत्थर का उपयोग करते हैं। ट्रक को वापस चलाते समय पत्थर को वहीं छोड़ चले जाते हैं जिससे दुर्घटना होती है। लोगों का कहना था कि सडक़ निर्माण कंपनी या फिर टोल प्लाजा के कर्मचारियों को ऐसी गलतियों का विशेष ध्यान रखना चाहिए। लोगों ने बताया कि कुंडी टोल प्लाजा पर एंबुलेंस भी उपलब्ध नहीं है। जिसके कारण राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। आमजनों का कहना है कि कुंडी टोल प्लाजा केवल टोल वसूली की ही बात का ध्यान रखता है, सुविधाओं का नहीं। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि टोल कंपनी, टोल वसूलने के साथ राहगीरों को मिलने वाली सारी सुविधाओं का ध्यान भी रखें।

इसी संबंध में कुंडी टोल प्लाजा के मैनेजर ने बताया कि उन्होंने उस घायल को अपनी गाड़ी से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहपुर पहुंचवा दिया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहपुर के डॉ यश अहिरवार ने उसे प्राथमिक उपचार देकर जिला अस्पताल बैतूल के लिए रवाना कर दिया।

एसडीएम ने किया नप चिचोली का निरीक्षण



बैतूल। कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे के निर्देशन में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डॉ. अभिजीत सिंह द्वारा नगर परिषद चिचोली का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कर्मचारियों की उपस्थिति, कार्यालयीन कार्य व्यवस्था एवं विभिन्न शाखाओं में संचालित कार्यों की स्थिति का जायजा लिया गया तथा उपस्थिति पंजिका का भी अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नियमित एवं समय पर कार्यालय में उपस्थित रहने तथा सौंपे गए दायित्वों का जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करने के निर्देश दिए। साथ ही आमजन से संबंधित कार्यों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने को कहा गया। निरीक्षण के दौरान कुछ कर्मचारियों की उपस्थिति संतोषजनक नहीं पाए जाने पर संबंधित कर्मचारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करते हुए उनके वेतन भुगतान में कटौती की कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। साथ ही कार्यालयीन अनुशासन एवं कार्य व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए।

---

12 घंटे चली महिलाओं की रामसत्ता

सावन के आखिरी सोमवार को भजनों से गूंजा गणेश मंदिर



भौंरा। सावन माह के अंतिम सोमवार को पटेल वार्ड स्थित रिद्धि-सिद्धि गणेश मंदिर में आयोजित 12 घंटे की रामसत्ता में भक्ति और संगीत का अनूठा संगम देखने को मिला। सुबह 9 बजे शुरू हुई रामसत्ता रात 9 बजे तक चली। इस दौरान महिलाओं ने राम-सीता, राधा-कृष्ण, शिव-पार्वती सहित विभिन्न देवी-देवताओं पर आधारित भजन, फिल्मी धुनों पर धार्मिक गीत और पारंपरिक रामसत्ता के गीत प्रस्तुत किए। भजनों पर महिलाओं ने तालियां बजाकर और नृत्य कर भक्ति का आनंद लिया। रामसत्ता की शुरुआत भगवान श्रीराम के स्मरण और मंगलाचरण के साथ हुई। इसके बाद बारी-बारी से महिलाओं ने भगवान शिव, माता पार्वती, श्रीराम-सीता, राधा-कृष्ण, हनुमानजी सहित अन्य देवी-देवताओं की आराधना से जुड़े गीत प्रस्तुत किए। सावन के अंतिम सोमवार को देखते हुए भगवान शिव और माता पार्वती पर आधारित भजनों की विशेष धूम रही। भोले की बारात में..., शिवजी से ब्याह रचाएंगी..., मेरे भोलेनाथ... जैसे सावन और शिव भक्ति से जुड़े गीतों पर महिलाओं ने सामूहिक रूप से नृत्य किया। रामसत्ता की खासियत यह रही कि इसमें केवल पारंपरिक भजन ही नहीं, बल्कि लोकप्रिय फिल्मी धुनों की तर्ज पर धार्मिक गीत भी गाए गए। एक महिला मंडली गीत की शुरुआत करती तो अन्य महिलाएं उसे दोहराते हुए ताल और सुर मिलाती थीं। बीच-बीच में बोल बम, हर-हर महादेव, जय श्रीराम और राधे-राधे के जयकारों से मंदिर परिसर गूंज उठता था। राम-सीता के विवाह, श्रीकृष्ण की लीलाओं, राधा-कृष्ण के प्रेम और भगवान शिव-पार्वती के विवाह प्रसंगों से जुड़े गीतों ने माहौल को और भक्तिमय बना दिया। रामसत्ता में महिलाओं ने समूह बनाकर बारी-बारी से गीतों की प्रस्तुति दी। एक ओर राम-सीता के भजनों में मर्यादा और भक्ति का भाव नजर आया, तो दूसरी ओर राधा-कृष्ण के गीतों पर महिलाओं ने उत्साह के साथ तालियां बजाईं। शिव-पार्वती के भजनों और सावन से जुड़े गीतों पर महिलाओं ने नृत्य करते हुए भगवान शिव की आराधना की। इस दौरान मंदिर परिसर में महिलाओं की सामूहिक भक्ति और लोक-संगीत की झलक भी देखने को मिली।

पुलिस ने कराया पोस्टमार्टम

कॉलेज छात्रा का शव कुएं में मिला, आत्महत्या की आशंका

बैतूल। चौबारा ढाना में सोमवार सुबह खेत के कुएं से 20 वर्षीय कॉलेज छात्रा अंशिका इवने का शव मिलने से सनसनी फैल गई। परिजनों ने आत्महत्या की आशंका जताई है, लेकिन मौत की वजह अभी स्पष्ट नहीं है। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर मामले की वास्तविक स्थिति पता कर रही है।

जानकारी के अनुसार, चौबाराढाना निवासी प्रहलाद इवने की 20 वर्षीय बेटी अंशिका शाहपुर कॉलेज में सेकंड ईयर में पढ़ती थी। रविवार रात परिवार के सभी सदस्यों ने साथ खाना खाया था। खाना खाने के बाद अंशिका अचानक घर से निकल गई। रात में परिजनों ने उसकी तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। अंशिका के भाई संदीप के मुताबिक, खेत के बटाईदार ने रात में कुत्तों के भौंकने और कुएं में किसी के गिरने जैसी आवाज सुनने की बात कही थी। इसके बाद गांव में पता किया गया कि कहीं कोई व्यक्ति लापता तो नहीं है। अंशिका के घर पर उसके नहीं होने की जानकारी मिलने के बाद परिजनों को आशंका हुई कि कहीं वह कुएं में न गिर गई हो। परिजनों ने कुएं के आसपास तलाश की, लेकिन रात में उसका पता नहीं चल सका। सोमवार सुबह कुएं में कांटा डालकर तलाश की गई तो पानी में शव दिखाई दिया। इसके बाद ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकाला गया।




सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से शव को कुएं से बाहर निकलवाया। पुलिस ने शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पाढर पुलिस चौकी प्रभारी सब इंस्पेक्टर जगदीश रायकवार के अनुसार, मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस को आशंका है कि इसी बात से नाराज होकर उसने कुएं में छलांग लगाई हो सकती है। हालांकि, पुलिस ने अभी इसे मौत की अंतिम वजह नहीं माना है। मामले की जांच जारी है।

चोरी की बढ़ीं वारदातें, मंदिरों के तांबे के कलश, मोटर पंप व बिजली केबल चोरी

थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलताई

मुलताई क्षेत्र में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं ने ग्रामीणों और किसानों की चिंता बढ़ा दी है। क्षेत्र में जहां एक ओर जुआ और सट्टे जैसी अवैध गतिविधियों के फलने-फूलने की शिकायतें सामने आ रही हैं, वहीं दूसरी ओर चोर अब मंदिरों और किसानों के खेतों को अपना निशाना बना रहे हैं। बीती रात नगर से लगे ग्राम परमंडल में अज्ञात चोरों ने तीन मंदिरों के तांबे के कलश चोरी कर लिए। इसके अलावा किसानों के खेतों से मोटर पंप और बिजली केबल चोरी होने की घटनाएं भी सामने आई हैं। लगातार हो रही इन वारदातों से ग्रामीणों और किसानों में असुरक्षा का माहौल बन गया है। सोमवार को ग्राम परमंडल के ग्रामीणों ने मुलताई थाना प्रभारी विकास पटेल को आवेदन सौंपकर चोरों की शीघ्र गिरफ्तारी, चोरी गए सामान की बरामदगी तथा क्षेत्र में पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की। ग्रामीणों द्वारा दिए गए आवेदन के अनुसार, ग्राम पंचायत परमंडल स्थित शिव मंदिर, हनुमान मंदिर और काली मंदिर के शिखरों पर लगे तांबे के कलश अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। इसके अलावा सर्रा रोड स्थित ग्राम पंचायत के ट्यूबवेल से करीब 150 फीट बिजली केबल भी चोरी कर ली गई।



खेतों से मोटर पंप और केबल भी चोरी

चोरों ने किसानों के खेतों को भी नहीं बख्शा। जौलखेड़ा रोड स्थित किसान लक्ष्मण बोरबन के खेत से दो मोटर पंप चोरी कर लिए गए। इनमें एक 3 हॉर्स पावर की मोटर, एक अर्थफेस मोटर तथा लगभग 150 फीट बिजली केबल शामिल है। वहीं किसान किशोरी पिंजारे के खेत का दरवाजा तोडक़र वहां से अर्थफेस मोटर चोरी कर ली गई। इन घटनाओं से किसानों को आर्थिक नुकसान तो हुआ ही है, साथ ही उनकी सिंचाई व्यवस्था भी प्रभावित हो गई है। किसानों का कहना है कि मोटर पंप और बिजली केबल चोरी होने से खेतों की सिंचाई बाधित हो रही है, जिससे फसलों पर प्रतिकूल प्रभाव पडऩे की आशंका बढ़ गई है। लगातार हो रही चोरियों के कारण किसान रात के समय अपने खेतों और संपत्ति की सुरक्षा को लेकर भी चिंतित हैं।

पुलिस से कार्रवाई की मांग

ग्रामीणों ने थाना प्रभारी से मांग की है कि चोरी की घटनाओं की गंभीरता से जांच कर आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार किया जाए तथा चोरी गए सामान की बरामदगी सुनिश्चित की जाए। साथ ही भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए गांव और आसपास के क्षेत्रों में रात्रिकालीन पुलिस गश्त बढ़ाने की भी मांग की गई है। यह आवेदन ग्राम पंचायत के सरपंच सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों और किसानों की ओर से थाना प्रभारी को सौंपा गया।

---

17 वर्ष बालक वर्ग में केवल नर्मदापुरम की टीम जीती, तीनों जिलों की टीमों ने किया अच्छा प्रदर्शन

शालेय संभाग स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में रहा बैतूल का दबदबा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

शालेय संभाग स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता सोमवार को बैतूल के लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम में हुई। इसमें मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी सुश्री पूनम वरकड़े एवं विशिष्ट अतिथि खनिज अधिकारी मनीष पालेवार थे। प्रतियोगिता में संभाग के तीनों जिले बैतूल, हरदा एवं नर्मदापुरम की 14 एवं 17 वर्ष के बालक- बालिकाओं की टीमों ने प्रदर्शन किया। इसमें बैतूल जिले का दबदबा रहा।



बास्केटबॉल प्रतियोगिता के परिणाम

शालेय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में 14 वर्ष बालिका वर्ग में बैतूल और नर्मदापुरम के बीच हुए मैच में बैतूल ने 16 पाइंट से विजय प्राप्त की। वहीं 17 वर्ष बालिका वर्ग में बैतूल एवं हरदा के बीच हुए मैच में हुआ। जिसमें बैतूल ने 18 पाइंट से विजय प्राप्त की। वहीं 14 वर्ष बालक वर्ग में बैतूल और नर्मदापुरम के बीच कड़ा मुकाबला हुआ, जिसमें बैतूल की टीम विजयी रही। वहीं 17 वर्ष बालक वर्ग की प्रतियोगिता में नर्मदापुरम और बैतूल के बीच हुए कड़े मुकाबले में नर्मदापुरम की टीम विजेता रही।

इनकी रही सराहनीय भूमिका

प्रतियोगिता संपन्न करवाने में जनरल मैनेजर बलदेव अरोरा, वरिष्ठ प्रशिक्षक राकेश वाजपेयी, सेना से रिटायर कैप्टन दीपक पवार, प्रशिक्षक श्रीमती आशा अरोरा एवं सुनील वीरकर, दशरथ गावंडे, दिव्या साहू, संदीप पाल आदि प्रशिक्षको का सराहनीय योगदान रहा। इस मौके पर शिक्षा विभाग के अधिकारीगण व अन्य खेल टीचर्स भी उपस्थित थे। प्रतियोगिता में रेफरी एवं टेबल ऑफिसर की भूमिका सुमित भावसार, लोकेश पंवार, सारंग झारिया, कार्तिक अरोरा आदि ने निभाई।



वेट लिफ्टिंग संभागीय प्रतियोगिता में बैतूल के 26 खिलाडय़ों का चयन : इस प्रतियोगिता के दौरान शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भडूस के कोच बलदेव अरोरा ने बताया कि वेट लिफ्टिंग संभागीय प्रतियोगिता में बैतूल जिले के 26 खिलाडिय़ों का राज्य स्तर के लिए चयन हुआ।

सोमवार को शिवालयों में भक्तों की भीड़ रही। कांवड़ यात्राएं भी निकाली गई

जगह-जगह हुए विभिन्न आयोजन, कांवड़ यात्रा निकाली गई

श्रावण के अंतिम सोमवार को शिवालयों में उमड़े शिवभक्त, पैदल यात्रा कर किया महाअभिषेक



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

श्रावण मास के अंतिम सोमवार पर क्षेत्र के समस्त शिवालयों में शिव भक्तों की भारी भीड़ रही। इस दौरान सुबह चार बजे के बाद से शिवभक्त पैदल अपने निवासों से शिवालयों तक नंगे पैर पहुंचे। जहां भक्तों ने भूत भावन भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। इसके बाद पुष्प, बिल्वपत्र, चंदन आदि द्रव्यों एवं पूजन सामग्री से भगवान भोलेनाथ का पूजन व श्रृंगार किया। इस दौरान देर शाम तक शिवालयों में भक्तों की भीड़ रही। सर्वाधिक श्रद्धालु नर्मदापुरम् मार्ग स्थित प्राचीन शिव पार्वती पाषाण प्रतिमा मंदिर में पहुंचे। वही नागरिकों का कहना है कि अंतिम श्रावण सोमवार पर नर्मदापुरम् मार्ग स्थित मंदिर में बड़ी संख्या में शिवभक्त पहुंचे। सड़क पर बार-बार जाम की स्थिति बनी। लेकिन व्यवस्था सुधार के लिए पुलिस की उपस्थिति मंदिर एवं इसके आसपास सजे मेले जैसे परिसर में नहीं थी। जिसके कारण यातायात बाधित हुआ तथा शिवभक्तों को बहुत परेशानी हुई।फोटो 04- शिवालय में भक्तों की दिनभर रही उपस्थिति।

श्रावण मास के अंतिम सोमवार को नर्मदांचल में भगवान की पूजा एवं अर्चना की गई। इस दौरान भक्त कांधे पर कांवड़ लेकर कई पैदल यात्रा की और अभिषेक किया।





चतुर्थ सोमवार को निकली विशाल नागेश्वर कावड़ यात्रा जलअभिषेक, पूजन आरती कर की प्रसादी वितरण

माखननगर। विगत 15 वर्षों से नागेश्वर कावड़ यात्रा का आयोजन पावन श्रावण माह में अंकुर युवा संस्था द्वारा अनवरत किया जा रहा है इस वर्ष भी श्रावण माह के चौथे सोमवार को सभी कावड़िया अग्रवाल मशीन पर एकत्रित हुए और चार पहिया दो पहिया वाहन से गनेरा के चौकाघाट पहुंचे वहां से मां नर्मदा की पूजन कर नर्मदा जल लेकर सभी कावड़िया बोल बम हर हर महादेव की गूंज करते हुए श्रद्धा और भक्ति के साथ पैदल माखन नगर मंगलवार बाजार स्थित प्राचीन शिवालय पहुंचे वहां जल अभिषेक कर पूजन किया गया आरती कर प्रसादी वितरण की कावड़ यात्रा में शामिल सभी भक्तों का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर फलाहार कर कर स्वागत सम्मान किया विधायक विजय पाल सिंह ने माखन नगर में सभी कावड़ यात्रियों को भेंट देकर स्वागत सम्मान किया ग्राम गनेरा, नगवाड़ा डांगी वाड़ा, समोन, पाराशर निवास, टावरी परिवार, लायंस क्लब, गायत्री परिवार, एवं नगर के धार्मिक, सामाजिक ,संगठनों, राजनीतिक दल भाजपा ,कांग्रेस, के पदाधिकारी, कर्यकर्ताओं ने यात्रियों का स्वागत सम्मान किया नागेश्वर कावड़ यात्रा के सूत्रधार संतोष अग्रवाल ने बताया प्रतिवर्ष नगर के और आसपास के धार्मिक श्रद्धालुओं का सहयोग अनवरत रूप से मिल रहा है इसी कारण यह धार्मिक कार्य सफल होता है आगे भी सभी के सहयोग आयोजन करते रहेंगे कावड़ यात्रा में 500 से ज्यादा श्रद्धालु शामिल हुए।

बाल भक्तों ने निकाली शाही पालकी



पिपरिया। नगरपालिका परिषद क्षेत्र सांडियारोडरिपटा मंदिर से प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी सावन के अंतिम सोमवार को बाल भक्तों ने निकाली शाही पालकी, नंदी पर सवार भोलेनाथ और गौरी ललन बने आकर्षक का केंद्र विशाल शोभायात्रा निकाली गई। भोलेनाथ ने नगर का भ्रमण किया। इस शाही सवारी का आयोजन बाल भक्तों के द्वारा किया गया था।डीजे बाजे के साथ भगवान भोलेनाथ की शाही सवारी निकली गई। हर हर महादेव बम बम बोले के जय घोष से पूरा शिवमय हो गया। रिपटा मंदिर से मंगलवारा चौराहे से होकर पुरानी गल्ला मंडी में समापन किया गया। जिसमें नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों के सभी समाजसेवी संस्थाओं के साथ जनप्रतिनिधियों की भी उपस्थित थीं लगातार रही। महाकाल को बोला मैं विठालकर कांधे पर नगर भ्रमण करया गया। सैकड़ों लोगों की उपस्थिति में विशालकाय झांकी सजाई गई। जिनमें शिवजी गरुण नंदी महाराज भृंगी सहित भूत प्रेत भी सजाएं और घोड़ों पर सवार होकर बच्चों को जागरूक किया गया। अनेकानेक तरह के बाजे बजने लगे। जय माता दी समिति सदस्य संजू शर्मा सहित अन्य सभी उनके समर्थकों के द्वारा जल सेवा की गई।श्री सोडानीकेनावास पर भी स्वागत सम्मानित किया गया। पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। दुर्गा मंदिर न्यास के द्वारा नगर पालिका परिषद के द्वारा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के द्वारा स्वागत किया गया। महाकाल के जय घोष के साथ सैकड़ों लोग शामिल हुए।

पचमढ़ी में निकली यात्रा

जटाशंकर से महादेव के लिए निकाली गई कांवड़ यात्रा



पचमढ़ी। श्रावण मास के चतुर्थ सोमवार को पचमढ़ी बजरंग दल एवं विश्व हिंदू परिषद के संयुक्त तत्वाधान में कावड़ यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा जटाशंकर सिद्ध क्षेत्र से प्रारंभ होकर पचमढ़ी के विभिन्न मार्गों से होते हुए। महादेव मंदिर पहुंचेगी। कांवड़ यात्रियों का चौक चौराहों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

21 किमी की पैदल यात्रा की गई

पचमढ़ी से 12 किलोमीटर की पैदल यात्रा करते हुए समस्त कावड़िये पहुंचे महादेव के द्वार जटाशंकर मंदिर से जल लेकर बड़े महादेव का जल अभिषेक किया। जटाशंकर मंदिर में कांवड़ यात्रियों की स्वल्पाहार व्यवस्था की गई। कांवड़ यात्रा में पुरुषों से अधिक महिलाओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल पचमढ़ी जटाशंकर से महादेव मंदिर तक की यात्रा का उद्देश्य नगर में सुख शांति बने रहे साथ ही पचमढ़ी को न्यायालय मामलों पर जल्द ही राहत मिले।

मैत्री फुटबॉल प्रतियोगिता में पचमढ़ी टीम ने मारी बाजी



हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

शासकीय उच्चतर शासकीय सांदीपनि विद्यालय पचमढ़ी के ओजस क्लब के तत्वाधान में आयोजित मैत्री फुटबॉल प्रतियोगिता जिसमें इटारसी और पचमढ़ी के मध्य संघर्षपूर्ण मुकाबला खेला गया। जिसमें पचमढ़ी 2-1 से विजेता बना ।इटारसी के समाजसेवी सत्यम अग्रवाल ,निपुण गोठी ,भागवत राजपूत, अजय चौधरी, शोभित जैन, विशाल, नीरज , पचमढ़ी से वरिष्ठ खिलाड़ी संतोष यादव , रफीक अंसारी,रूपेश पाल,वंश यादव,सोहेल कुरैशी,ओम यादव ,लक्ष्मण ,लकी ,रोनक चौधरी आदि खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया ।दोनों ही टीमों से परिचय प्राचार्य मनीष गुप्ता, रूपनारायण श्रीवास, किशन लाल उइके द्वारा किया गया । मैच देखने बड़ी संख्या में नागरिक और खिलाड़ी उपस्थित रहे।

स्टेट हाईवे पर 50 मीटर जल भराव क्षेत्र में हुए 100 से अधिक छोटे-बड़े गड्ढे, प्रशासन बना मौन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

शहर में सीएम राइज़ स्कूल के निर्माणाधीन भवन के सामने जल भराव समस्या है। उक्त स्थल पर चंद कदमों की दूरी में सैकड़ों गड्ढे हो गए हैं। जिसके कारण दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ रही है। लेकिन सभी जिम्मेदार पक्ष खामोश हैं।

क्षेत्रीय नागरिकों का कहना है कि जल भराव का क्षेत्र लगभग 50 से 60 मीटर का है। लेकिन इतने से क्षेत्र में स्टेट हाईवे पर 100 से अधिक छोटे-बड़े गड्ढे बन गए हैं। इन गड्ढों से वाहन निकाले जाने पर बड़े वाहनों में जहां टूटफूट होती है, वहीं छोटे व दोपहिया वाहनों के फिसलने की संभावना अधिक रहती है। नागरिकों ने बताया कि कई बार यहां छोटे वाहनों के गिरने के



कारण नागरिक चोटिल हो चुके हैं। जुलाई माह के प्रथम सप्ताह में सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की जान भी समस्याग्रस्त स्थल पर जा चुकी है। लेकिन उक्त जानलेवा दुर्घटना के एक माह बाद भी स्थानीय प्रशासन तथा मध्य प्रदेश सड़क विकास निगम सुधार को लेकर जरा भी गंभीर नहीं है।

सभी पक्ष मौनमामले में क्षेत्रवासियों का कहना है कि अव्यवस्था दूर करने की जिम्मेदारी एक ओर जहां स्थानीय प्रशासन की है। वहीं सड़क के सुधार के लिए सर्वाधिक जिम्मेदार मध्य प्रदेश सड़क विकास निगम भी मौन है। विभाग के द्वारा कोई गंभीर तथा परिणामजनक कदम नहीं उठाया जा रहा है। वहीं नगर परिषद द्वारा पानी की निकासी की उचित व्यवस्था नहीं बनाई जा रही है। नागरिकों ने इस गंभीर मामले में सत्ता पक्ष तथा विपक्ष के मौन पर भी सवाल खड़े किए हैं।

मां नर्मदा का जलस्तर बढ़ने से पंचायत ने कराई मुनादी, लोगों को ऊंचे स्थान पर जाने की सलाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत साडियां, खैरा सुरेलाकिशोर माथनी सिवनी सहलवाडा सहित अन्य सभी ग्राम पंचायतों में सरपंच सचिव रोजगार सहायक के द्वारा लगातार मुनादी करवा दी गई है। तथा लगातार नजर रखी जा रही है।

साडियां के सचिव अनिल पांडे ने बताया कि वरगी डेम के गेट खुलने से लगातार नर्मदा का जलस्तर बढ़ने लगा है।जो खतरे के निशान के नीचे तक आ गया है। सीताराम घाट पर सरपंच राम जी दीक्षित प्रताप सिंह के द्वारा जो सदा व्रत वितरण करने के लिए भवन निर्माण किया गया है।वह भी आधा डूब गया है।घाट पर लगी प्रसाद की दुकान बालों को भी हटने के लिए



नोटिस जारी किए गए हैं। तथा अन्य सभी लोगों को किनारे से लगभग एक किलोमीटर दूर रहने को कहा गया है। तथा सुरक्षित स्थानों पर भी तैयारी कर ली गई है। पुलिस प्रसाशन भी लगातार सर्च कर रहे हैं। सिवनी घाट पर पुल के करीब जल पहुंचे हैं। लगभग 10फिट पुल बचा हुआ है। पानी पहुंचने के लिए तैराक नाव आदि की व्यवस्था कर ली गई है।सुरेलाकिशोरकेसचिव अभिषेक पाण्डेय ने बताया कि लगभग सभी जगह तैयारी कर ली है। नर्मदा नदी में लगभग प्रतिदिन सुबह से शाम तक 20 सेंटीमीटर के आसपास पानी बढ़ रहा है। वरगी डैम के 13गेट खुलने से लगातार नर्मदा नदी किनारे जल बढ़ता जा रहा है। अलर्ट जारी किया गया है। सिवनी के पुल की ऊंचाई से लगभग 10मीटर जल सचिव सुनील दुबे के द्वारा बताया गया है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आकिप खान तहसीलदार वैभव बैरागी सहित अन्य सभी अधिकारियों कर्मचारियों के द्वारा नजर रखी जा रही है। लेकिन अभी तक खैरा पंचायत क्षेत्र में लगातार वृद्धि हो रही है। लेकिन सचिव के द्वारा संबंधित मामले में कोई कार्यवाही नहीं कि ग ई है। सरपंच रघुवीर सिंह पटेल लगातार कंट्रोल रूम को सूचना दे रहे हैं। सहलवाडा के सचिव महेश पटेल ने बताया कि रात्रि में भी पंचायत में निवास करने लगे हैं। मुनादी करवा दी गई है।

व्यापारियों ने राखी बाजार की व्यवस्था सुधारने दिया आवेदन

नहीं किया गया व्यवस्था में सुधार, पिछले 4-5 वर्षो से दुकानें लगाने की जगह को लेकर होता रहा है विवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

नगर के गांधी चौक के सामने त्यौहारी बाजार में दुकानों के नियमानुसार जगह आवंटित करने एवं अतिक्रमण रोकने की मांग का आवेदन गत दिनों व्यापारियों ने प्रशासन को दिया था।

लेकिन व्यापारियों की मांग अनुरूप व्यवस्था नहीं बनाई जा सकी है।सोहागपुर एसडीएम के नाम दिए गए आवेदन में उल्लेख था कि त्यौहारी बाजार स्थानीय लोगों द्वारा बहुत लंबे समय से प्रतिवर्ष लगाया जाता रहा है। लेकिन पिछले 4-5 वर्षों से दुकान लगाने की जगह को लेकर विवाद की स्थिति बनी हुई है। क्योंकि कुछ दुकानदार आवश्यकता से अधिक जगह पर



अव्यवस्थित रूप से राखी बाजार लगाने की तैयारी, प्रशासन की भी नहीं सुन रहे व्यापारी

निर्धारित स्थल से अधिक क्षेत्र में फैलाई जा रही दुकानें, होगी आवाजाही की बाधा


दुकानें लगाते हैं एवं करीबी लोगों को जगह दिलाने विवाद करते हैं। विवादों से बचने के चलते कुछ पुराने दुकानदारों ने दुकान लगाना बंद कर दिया है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति प्रभावित हुई है। आवेदन पत्र अनुसार गत नगर परिषद ने टीनशेड बनाकर यहां अस्थाई दुकानदारों को शिफ्ट किया था।

मंच व शेड के बीच शेष स्थान को वाहन पार्किंग स्थल तय किया था। लेकिन शेड में दुकान मिलने के बाद भी कुछ दुकानदार एवं उनके परिजन पार्किंग स्थल पर अतिक्रमण कर दुकानें लगाते हैं। अतः प्रशासन से अपेक्षा की गई है कि त्यौहारी बाजार के नियम तय कर दुकानदारों को समान रूप से जगह आवंटित कराई जाए। टीन शेड के बाहर तथा पार्किंग क्षेत्र में किए गए अतिक्रमण को हटाया जाए।

5 लाख 30 हजार 550 प्रशासकीय स्वीकृति जारी

नर्मदापुरम। लोकसभा सांसद दर्शन सिंह चौधरी की अनुशंसा पर कलेक्टर सोमेश मिश्रा द्वारा 02 निर्माण कार्य के लिए 05 लाख 30 हजार 550 रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार लोक सभा सांसद चौधरी की अनुशंसा पर नर्मदापुरम के वार्ड क्रं. 12 में बाबई रोड पटवारी कॉलोनी में शेखर गौर के मकान से सराठे जी के मकान तक पेवर ब्लॉक के लिए 03 लाख 31 हजार 156 रूपये रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। उक्त राशि से निर्माण किये जाएंगे।

जमनी मुक्तिधाम के सुधार की दरकार, ठीक नहीं हालात, उग आईं झाड़ियां, बैठने में दिक्कत





सोहागपुर। जमनी मुक्तिधाम के हालात ठीक नहीं हैं। शवदाह के लिए बनाए गए प्लेटफार्म उखड़ने लगे हैं। फर्श में भी दरारें बढ़ रही हैं। इन्हें सुरक्षित करने की मांग नागरिकों ने की है।

मुक्तिधाम के आसपास बहुत झाड़ियां ऊगने से लोगों के बैठने के स्थल सिमट रहे हैं। तथा बहुत मच्छर होते हैं। आसपास बहुत अधिक गंदगी रहती है। नागरिकों ने मुक्तिधाम सुधार की मांग नप से की है।

पॉलीटेक्निक इंजीनियरिंग विभाग द्वारा आयोजित छह दिवसीय अटल संकाय विकास कार्यक्रम का सफल समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

श्री सत्य साईं विश्वविद्यालय प्रौद्योगिकी एवं चिकित्सा विज्ञान, सीहोर के पॉलीटेक्निक (इंजीनियरिंग) विभाग द्वारा आयोजित छह दिवसीय अटल संकाय विकास कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हुआ। कार्यक्रम विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. मुकेश तिवारी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के छठवें एवं अंतिम दिवस के प्रथम सत्र में कॉर्पोरेट प्रशिक्षक अविरल पवार ने औद्योगिक अनुप्रयोगों के लिए सतत ऊर्जा में उभरती प्रवृत्तियाँ विषय पर ज्ञानवर्धक व्याख्यान दिया। उन्होंने सतत ऊर्जा के क्षेत्र में नवीन तकनीकों, औद्योगिक उपयोग तथा भविष्य की संभावनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला।

द्वितीय सत्र में संकाय विकास कार्यक्रम के समापन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में परीक्षा नियंत्रक डॉ. संजय राठौर एवं शैक्षणिक अधिष्ठाता डॉ. निलेश दिवाकर की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम की समन्वयक डॉ. प्रियंका झंवर एवं सह-समन्वयक त्रिवेणी सिंह ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

कार्यक्रम के प्रारंभ में समन्वयक डॉ. प्रियंका झंवर द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। सह-समन्वयक श्री त्रिवेणी सिंह ने उपस्थित अतिथियों एवं गणमान्यजनों का परिचय प्रस्तुत किया। इसके पश्चात अतिथियों द्वारा प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए संकाय विकास कार्यक्रम के महत्व एवं उपयोगिता पर प्रकाश डाला गया।

छह दिवसीय कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विषय विशेषज्ञों द्वारा दिए गए व्याख्यानों के माध्यम से शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों को नवीनतम तकनीकी ज्ञान, औद्योगिक क्षेत्र में हो रहे परिवर्तनों तथा व्यावहारिक पहलुओं से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। सुनियोजित कार्यक्रम के अंतर्गत छह दिनों में छह विषय विशेषज्ञों ने अपने व्याख्यान प्रस्तुत किए, जिनमें प्रथम दिवस पर डॉ. एस. सुरेश, प्रोफेसर, मैनिट, भोपाल; द्वितीय दिवस पर डॉ. नितिन श्रीवास्तव, डीन एवं प्रोफेसर, आरजीपीवी, भोपाल; तृतीय दिवस पर शशांक चतुर्वेदी, महाप्रबंधक, गेल, मंडीदीप; चतुर्थ दिवस पर डॉ. संतोष कुमार राय, सहायक प्रोफेसर, एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, इंजीनियर अंकिश राठी आदि मौजूद रहे।

टैक्स प्रैक्टिशनर्स एसोसिएशन ने आयोजित किया सेमिनार

अचल संपत्ति संबंधित लेन-देन में कुछ सावधानियां आयकर नोटिस से बचा सकती: अंशुल अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

विक्रय अनुबंध एवं विक्रय विलेख (रजिस्ट्री) अचल संपत्ति के लेन-देन का सम्पूर्ण आधार होते हैं। रजिस्ट्री की प्रारूप तैयार करने में छोटी-सी चूक भी भविष्य में आयकर विभाग के नोटिस का कारण बन सकती है और करदाता के लिए परेशानी का सबब बन सकती है। यदि रजिस्ट्री के प्रारूप में आयकर प्रावधानों का प्रारंभ से ही ध्यान रखा जाए, तो भविष्य में आने वाली अनेक परेशानियों से बचा जा सकता है।

उक्त विचार जाने-माने चार्टर्ड अकाउंटेंट अंशुल अग्रवाल ने सीहोर टैक्स प्रैक्टिशनर्स एसोसिएशन (एसटीपीए) द्वारा आयोजित



सेमिनार में व्यक्त किए। सेमिनार का विषय "अचल संपत्ति के लेन-देन का कर निर्धारण एवं लेखांकन" था। अंशुल अग्रवाल ने कहा कि अचल संपत्ति से जुड़े लेन-देन में स्टाम्प विक्रेता एवं सेवा प्रदाता की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। यदि वे आयकर नियमों की प्रारंभिक आवश्यकताओं का ध्यान रखते हुए दस्तावेज तैयार करवाएं, तो वे अपने ग्राहकों के हितों की बेहतर रक्षा कर सकते हैं। कार्यक्रम के प्रारंभ में एसटीपीए अध्यक्ष अभिषेक सुराणा ने अतिथियों एवं उपस्थित सदस्यों का शब्दों के माध्यम से स्वागत किया। सुमित झंवर ने मुख्य वक्ता अंशुल अग्रवाल का परिचय प्रस्तुत किया। आयोजन के प्रारंभ में मुख्य वक्ता अंशुल अग्रवाल के साथ वरिष्ठ अधिवक्ता निर्मल रांका एवं सुशील मंत्री का स्वागत महेंद्र ठाकुर, प्रवीण मोहता, अजय सक्सेना, शैलेन्द्र जैन एवं अंकुश जैन द्वारा किया गया। अतिथियों को स्मृति चिन्ह श्याम सुंदर मंत्री, अजाप पंवार, अरविंद जैन एवं आयुष जैन द्वारा भेंट किए गए। कार्यक्रम का संचालन अंकित जैन ने किया, जबकि कर सलाहकार मयंक तिवारी ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में योगेश मेहता, महेश वर्मा, श्रेयांश बनवट, चंद्र प्रकाश बर्मन, सुमित जैन, संकल्प अग्रवाल, विवेक प्रजापति, दिलीप जैन सहित बड़ी संख्या में लेखाकार, स्टाम्प विक्रेता, सेवा प्रदाता एवं कर विशेषज्ञ उपस्थित रहे। सीहोर में इस प्रकार का आयोजन पहली बार एसटीपीए द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें अचल संपत्ति के लेन-देन से जुड़े आयकर एवं लेखांकन प्रावधानों को लेकर स्टाम्प विक्रेताओं, सेवा प्रदाताओं, लेखाकारों एवं कर विशेषज्ञों को व्यावहारिक जानकारी प्रदान की गई।

महिला की गला घोंटकर हत्या, जांच में जुटी पुलिस



हरदा। जिले के टिमरनी थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 7 स्थित ठाकुर बाबा मोहल्ले में एक 57 वर्षीय कल्याणी महिला की गला घोंटकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है और इसे लूट के इरादे से की गई हत्या मान रही है। मृतका की पहचान पुष्पा गौर के रूप में हुई है। सोमवार सुबह करीब 8 बजे मोहल्ले की एक महिला बिलपत्र लेने उनके घर गई, तो पुष्पा गौर को पलंग पर अचेत अवस्था में पाया। सूचना मिलने पर मृतका के भाई अनुराग गौर ने पुलिस को जानकारी दी। मौके पर पहुंचे एएसपी अमित कुमार मिश्रा ने बताया कि प्रथमदृष्टया महिला की हत्या लूट के इरादे से की गई है। उनके गले में बिजली का तार मिला, जिससे गला घोंटा गया था। आरोपियों ने गले से सोने की माला और कान के कुंडल भी निकाल लिए। पलंग के पास सोने का एक मोती भी पड़ा मिला, जिससे लगता है कि माला तोड़कर निकाली गई थी। नर्मदापुरम से आई फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड की मदद से आरोपियों की तलाश जारी है। पुष्पा गौर पिछले तीन सालों से अकेली रह रही थीं। उनके पति अशोक गौर का निधन 19 साल पहले हो गया था, जबकि इकलौते बेटे नवीन गौर की तीन साल पहले एक सड़क हादसे में मौत हो गई थी। उनके भाई और परिवार के अन्य सदस्य उनकी देखभाल कर रहे थे। पुलिस ने हत्या और लूट का मामला दर्ज कर लिया है। मामले में तीन संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है। नर्मदापुरम से आई फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड की मदद से आरोपियों की तलाश जारी है। इस घटना से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है।

अधिकारियों के साथ समयावधि अंकित पत्रों की समीक्षा बैठक की

स्कूलों के टायलेट साफ-सुथरे व उपयोगी रहें सड़कों पर निराश्रित गोवंश न रहे: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭हरदा



कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने समयावधि अंकित पत्रों की समीक्षा बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं कार्यों की साप्ताहिक समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर पुरुषोत्तम कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर जैन ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले के सभी स्कूलों में टायलेट साफ-सुथरे एवं उपयोगी स्थिति में रहें। नियमित रूप से इनकी सफाई एवं रख-रखाव की मॉनीटरिंग की जाए।

पोषण शक्ति अभियान की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि जिले में कुपोषित बच्चों को सुपोषण की श्रेणी में लाने के लिए निरंतर एवं समन्वित प्रयास किए जाने की जरूरत है। पोषण शक्ति अभियान अंतर्गत संबंधित विभाग बच्चों के पोषण स्तर की नियमित निगरानी करें तथा चिन्हित कुपोषित बच्चों को आवश्यक पोषण आहार एवं स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराकर उन्हें सुपोषित श्रेणी में लाने के लिए गंभीरता से कार्य करें। उन्होंने सड़कों पर निराश्रित गोवंश के जमावड़े को रोकने के निर्देश देते हुए कहा कि निराश्रित गोवंश को सुरक्षित रूप से गोशालाओं में शिफ्ट किया जाए, ताकि सड़क दुर्घटनाओं की स्थिति निर्मित न हो और यातायात सुचारू रहे। कलेक्टर ने किसानों की फार्मर रजिस्ट्री का कार्य अभियान चलाकर पूरा कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी एवं मैदानी अमला किसानों से समन्वय कर फार्मर रजिस्ट्री का कार्य प्राथमिकता से पूर्ण कराएं।

नगरीय क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि पेयजल की पाइप लाइन भूमिगत रहें। कहीं भी पाइप लाइन खुले में न डली हो, यह सुनिश्चित किया जाए। संबंधित अधिकारी मौके पर निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई करें। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण की समीक्षा करते हुए कहा कि अधिकारी शिकायतों के निराकरण में गंभीरता बरतें। शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषजनक निराकरण सुनिश्चित किया जाए तथा अनावश्यक रूप से शिकायतें लंबित न रहें। कलेक्टर श्री जैन ने नगरीय क्षेत्रों में सफाई कर की वसूली की नियमित मॉनीटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्राम पंचायतों में भी कर वसूली में तेजी लाने तथा निर्धारित लक्ष्यों को समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि सभी विभाग अपने-अपने कार्यों की नियमित समीक्षा करें और निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने टिमरनी एसडीएम कार्यालय को आईएसओ प्रमाण-पत्र मिलने पर उक्त प्रमाण-पत्र एसडीएम शैलेन्द्र बड़ोनिया को प्रदान किया।

संकट मोचन हनुमान मंदिर में नौ दिवसीय मासपारायण का समापन



हरदा। सावन मास के पवित्र महीने में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बालागांव स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर में नौ दिवसीय मासपारायण रामायण पाठ का आयोजन किया गया। 15 अगस्त से शुरू हुए मासपारायण का सोमवार 24 अगस्त को पूर्णाहुति एवं पूजा-अर्चना के साथ समापन हुआ। ग्रामीणों ने बताया कि ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित इस नौ दिवसीय मासपारायण में एक टोली में करीब 30 लोग शामिल रहे। श्रद्धालुओं द्वारा नौ दिनों तक दिन-रात 24 घंटे रामायण का पाठ किया गया। ग्रामीणों के अनुसार गांव में सुख-शांति और समृद्धि तथा सभी ग्रामवासियों के अमन-चैन की कामना के उद्देश्य से हर वर्ष नौ दिवसीय रामायण पाठ का आयोजन किया जाता है। अंतिम दिन विशेष कांकड़ा आरती के बाद जागों को भजन-कीर्तन करते हुए गांव की मटकुल नदी में विसर्जित किया गया। इसके बाद कन्या भोज एवं भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने प्रसादी ग्रहण की।

पंच पिपलेश्वर महादेव का किया श्रीकृष्ण स्वरूप में दिव्य श्रृंगार



हरदा। पवित्र सावन माह के चतुर्थ सोमवार एवं द्वादशी के अवसर पर हरदा मंडी प्रांगण स्थित श्री पंच पिपलेश्वर महादेव मंदिर में भगवान भोलेनाथ का दिव्य श्रृंगार किया गया। इस अवसर पर महादेव अपने दिव्य गोवत्स श्रीकृष्ण स्वरूप में श्रद्धालुओं को दर्शन देते नजर आए। कलाकार जयकृष्ण चांडक द्वारा मंदिर में पिछले 22 वर्षों से लगातार भगवान भोलेनाथ का श्रृंगार किया जा रहा है। इस श्रृंखला में यह उनका 105वां श्रृंगार रहा। श्रृंगार को पूर्ण करने में करीब सात घंटे का समय लगा।

आंगनबाड़ियों में दर्ज बच्चों के बनाएंगे आधार कार्ड

हरदा। कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक लेकर विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि जिले की आंगनबाड़ी केंद्रों में दर्ज सभी बच्चों के आधार कार्ड बनवाए जाएं। इसके लिए ई-गवर्नेंस तथा पोस्ट ऑफिस के माध्यम से विशेष कैम्प आयोजित कर आधार कार्ड बनाने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

14, 17 व 19 वर्ष के बालक-बालिकाओं ने खेल का प्रदर्शन किया



हरिभूमि न्यूज ⏭हरदा

जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग के इनडोर स्टेडियम हरदा में सोमवार को स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के अंतर्गत 14, 17 एवं 19 वर्ष आयु वर्ग के बालक-बालिकाओं की जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विकासखंड हरदा, खिरकिया एवं टिमरनी के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। ब्लॉक समन्वयक सलमा खान ने बताया कि प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर शासकीय पीएम श्री महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य राजेश कुमार गौर, कन्या शाला की प्राचार्य मंजूलता खरे, क्रीड़ा अधिकारी राहुल सराठे, ब्लॉक समन्वयक सलमा खान, बैडमिंटन कोच विनोद यादव एवं खेल विभाग के सहायक ग्रेड लेखापाल राजेंद्र वर्मा ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। प्राचार्य मंजूलता खरे ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि अच्छे स्वास्थ्य के लिए जीवन में कोई न कोई खेल खेलना जरूरी है। इसके बाद प्राचार्य श्रीमती खरे एवं ब्लॉक समन्वयक सुश्री खान ने बैडमिंटन खेलकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।

प्रतियोगिता में 14 वर्ष बालिका वर्ग में जोनर एजुकेशन स्कूल हरदा की वान्या जाट ने प्रथम, विजन पब्लिक स्कूल हरदा की माही मोरछले ने द्वितीय, संस्कार स्कूल हरदा की अवनी सोनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार 14 वर्ष बालक वर्ग में संस्कार स्कूल के हितार्थ पटेल ने प्रथम, सनफ्लॉवर स्कूल हरदा के कार्तिक लोहनी ने द्वितीय, सनफ्लॉवर स्कूल हरदा के रिजवान खान ने तृतीय तथा सेंट मेरी स्कूल हरदा के गर्व जैन ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। इस दौरान आयोजित 17 वर्ष बालिका वर्ग प्रतियोगिता में विकासखण्ड टिमरनी की आराध्या साकल्ले ने प्रथम, सेंट मेरी स्कूल हरदा की गौरी वशिष्ठ ने द्वितीय, होली फेथ स्कूल हरदा की रौनक चौरे ने तृतीय तथा विकासखण्ड टिमरनी की अंशिका सोनी ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग में सेंट मेरी स्कूल हरदा के प्रखर शर्मा ने प्रथम स्थान, द फाउंडेशन स्कूल हरदा के सजल मुकाती ने द्वितीय, महर्षि स्कूल हरदा के अनमोल राखिया ने तृतीय व महर्षि स्कूल हरदा के केशव शर्मा ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया।

इस अवसर पर आयोजित 19 वर्ष बालिका वर्ग प्रतियोगिता में एकेडमी हाइट्स टिमरनी की कर्णिका नरवरे ने प्रथम, टिमरनी की रिदिमा रावत ने द्वितीय, खिरकिया की सुहानी यादव ने तृतीय व जोन एजुकेशन स्कूल हरदा की प्रियांशी भाटी ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया तथा 19 वर्ष बालक वर्ग में संस्कार स्कूल के प्रीत पटेल ने प्रथम, महर्षि ज्ञानपीठ स्कूल के लक्ष्य नेगी ने द्वितीय, जोनर एजुकेशन सिस्टम स्कूल हरदा के आदर्श भाटी ने तृतीय तथा संस्कार स्कूल हरदा के अभय पुरोहित ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में चयनित सभी खिलाड़ियों का चयन संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया है।

बालिकाओं को 15 दिवसीय जूडो-कराते प्रशिक्षण



हरदा। अपराजिता कार्यक्रम के तहत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, टिमरनी में बालिकाओं के लिए 15 दिवसीय जूडो-कराते प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण तिनका सामाजिक संस्थान की प्रशिक्षक मोना खरे द्वारा दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान बालिकाओं को आत्मरक्षा के विभिन्न तरीकों के साथ-साथ जूडो-कराते की तकनीकों का अभ्यास कराया जा रहा है। अपराजिता कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं में आत्मविश्वास, आत्मनिर्भरता एवं सुरक्षा की भावना विकसित करना तथा उन्हें विपरीत परिस्थितियों में स्वयं की रक्षा करने के लिए सक्षम बनाना है। प्रशिक्षण के माध्यम से बालिकाओं को शारीरिक एवं मानसिक रूप से सशक्त बनाने का प्रयास किया जा रहा है। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बालिकाओं को शिक्षा के साथ-साथ आत्मरक्षा एवं व्यक्तित्व विकास के अवसर उपलब्ध कराने के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जा रहे हैं।

राज्य स्तरीय नेहरू हॉकी प्रतियोगिता में हरदा के 16 बालक दिखाएंगे खेल प्रतिभा



हरदा। ब्लॉक समन्वयक सलमा खान से प्राप्त जानकारी के अनुसार, शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित शालेय क्रीड़ा हॉकी प्रतियोगिता के अंतर्गत सिवनी जिले में 23 अगस्त से 28 अगस्त तक राज्य स्तरीय नेहरू हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता के लिए हरदा जिले के सनराइज इंग्लिश मीडियम स्कूल के 16 बालक खिलाड़ियों का चयन हुआ है। हरदा जिले के लिए यह गौरव का विषय है कि पहली बार बालक वर्ग में जिले के 16 खिलाड़ी एक साथ टीम का हिस्सा बनकर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हरदा का प्रतिनिधित्व करेंगे। खिलाड़ी प्रतियोगिता में अपने उत्कृष्ट खेल कौशल और प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। टीम के साथ दल मैनेजर इमरान खान एवं हॉकी कोच संदीप सौदे सिवनी के लिए रवाना हुए। टीम के रवाना होने के अवसर पर जिले के अधिकारियों, विद्यालय प्रबंधन, खेल प्रशिक्षकों, वरिष्ठ खिलाड़ियों एवं अभिभावकों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

श्री सिद्धनाथ महादेव से निकाली कांवड़ यात्रा

हर-हर महादेव के जयघोष से गूंज गया खरगोन भक्ति में सराबोर हुई पत्रकार एकता कांवड़ यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭खरगोन



हर-हर महादेव के जयघोष, भक्ति गीतों की स्वर लहरियों और आस्था से सराबोर वातावरण के बीच चतुर्थ श्रावण सोमवार को खरगोन में पत्रकार एकता कांवड़ यात्रा श्रद्धा एवं उत्साह के साथ निकली।

निरंतर चौथे वर्ष आयोजित इस कांवड़ यात्रा में नगर के पत्रकार बंधुओं ने एकजुट होकर देश-प्रदेश में सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली, विश्व कल्याण तथा निमाड़ अंचल में अच्छी बारिश की कामना की। भावसार मोहल्ला स्थित श्री सिद्धनाथ महादेव मंदिर से प्रारंभ हुई कावड़ यात्रा कसरावद रोड स्थित श्री मेलडेरेश्वर महादेव मंदिर पहुंची। यात्रा ने जहां पत्रकारों की एकता का संदेश दिया, वहीं सर्वधर्म समभाव और सामाजिक सद्भाव की मिसाल भी प्रस्तुत की। नगर के अनेक स्थानों पर नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर कांवड़ यात्रियों का स्वागत किया। विभिन्न स्थानों पर सेवा स्टॉल लगाकर श्रद्धालुओं के लिए पेयजल एवं अन्य व्यवस्थाएं भी की गईं।

पूजा-अर्चना और अभिषेक के बाद हुआ यात्रा का शुभारंभ: सोमवार प्रातः 10 बजे श्री सिद्धनाथ महादेव मंदिर में पत्रकारों ने भगवान भोलेनाथ की विधिवत पूजा-अर्चना एवं अभिषेक किया। इसके पश्चात कावड़ में गंगाजल ओर नर्मदा जल भरकर भगवान श्री मेलडेरेश्वर महादेव के अभिषेक के लिए यात्रा का शुभारंभ किया गया। जैसे ही कांवड़ यात्रा आगे बढ़ी, भोले शंभू... भोलेनाथ... हर-हर महादेव के जयघोष से नगर का वातावरण शिवमय हो गया। बैंड-बाजे और साउंड सिस्टम पर गूंजते भक्ति गीतों ने श्रद्धा और उत्साह को और बढ़ा दिया।

भक्ति गीतों पर थिरके कांवड़िए, आकर्षण का केंद्र रहे शिव स्वरूप: कांवड़ यात्रा में शामिल पत्रकार बंधु भक्ति गीतों और भजनों पर जमकर थिरके। यात्रा में घोड़े पर सवार पत्रकार मोहन जोशी आकर्षण का केंद्र रहे। वहीं भगवान भोलेनाथ का स्वरूप धरे पत्रकार प्रवीण पाल ने श्रद्धालुओं का ध्यान आकर्षित किया। शिव स्वरूप और घोड़े पर सवार कावड़िए को देखकर मार्ग में खड़े नागरिकों ने उत्साहपूर्वक पुष्पवर्षा की। अनेक स्थानों पर नागरिकों एवं विभिन्न संस्थाओं ने सेवा स्टॉल लगाकर कावड़ यात्रियों का स्वागत किया।

श्री मेलडेरेश्वर महादेव का गंगाजल व नर्मदा जल से किया अभिषेक: नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई कांवड़ यात्रा दोपहर करीब 1:30 बजे श्री मेलडेरेश्वर महादेव मंदिर पहुंची। यहां पत्रकारों ने भगवान श्री मेलडेरेश्वर महादेव की पूजा-अर्चना कर कावड़ में लाए गए गंगाजल व नर्मदा जल से अभिषेक किया। इसके बाद विधिवत आरती की गई और क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की गई। इसके पश्चात एनवीडीए रेस्ट हाउस में पत्रकार बंधुओं के लिए भोजन प्रसादी की व्यवस्था की गई। प्रसादी ग्रहण करने के साथ ही पत्रकार एकता कावड़ यात्रा का श्रद्धापूर्वक समापन हुआ।

'कांवड़ सुरक्षा कवच' पहन कर निकले पत्रकार साथी: निमाड़ रेंज की डीआईजी सिमाला प्रसाद और एसपी रविन्द्र वर्मा की पहल पर सभी पत्रकार साथियों द्वारा श्रद्धा आपकी सुरक्षा हमारी, 'कांवड़ सुरक्षा कवच' के तहत आईडी कार्ड पहन कर निकले। जिसमें रूट चार्ट सहित पुलिस और एंबुलेंस के मोबाइल नम्बर भी अंकित किया गया था। डीआईजी सिमाला प्रसाद की पहल का सभी पत्रकार कावड़ यात्रियों ने स्वागत किया। पत्रकार एकता कांवड़ यात्रा ने भक्ति, आस्था, सामाजिक सद्भाव और पत्रकारों की एकजुटता का संदेश देते हुए खरगोन में शिवमय वातावरण निर्मित कर दिया।

